**छत्तीसगढ़ शासन**
**वित्त विभाग**
**—::मंत्रालय::—**
**महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर**
**———00———**

क्र. 2489 / वित्त / ब–4 / 2025, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 16 / 10 / 2025

प्रति,

शासन के समस्त विभाग
अध्यक्ष राजस्व मण्डल, बिलासपुर
समस्त संभागीय आयुक्त
समस्त विभागाध्यक्ष
समस्त कलेक्टर
छत्तीसगढ़

विषयः— माह अक्टूबर 2025 के वेतन का अग्रिम भुगतान करने के संबंध में।

———00———

छत्तीसगढ़ कोषालय संहिता भाग–1 के सहायक नियम 206(1) के तहत शासकीय कर्मचारियों के मासिक वेतन का भुगतान माह के अंतिम 2 कार्य दिवसों में करने का प्रावधान है।

2/ राज्य शासन द्वारा विचारोपरांत यह निर्णय लिया गया है कि दिनांक 20 अक्टूबर 2025 को दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में माह अक्टूबर 2025 का वेतन दिनांक 17 एवं 18 अक्टूबर 2025 को अग्रिम भुगतान किया जाए। राज्य के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी वेतन देयक तैयार कर कोषालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चत करेंगे। वेतन भुगतान हेतु दिनांक 18 अक्टूबर 2025 शनिवार को भी राज्य के समस्त कोषालय एवं उपकोषालय खुले रहेंगे एवं वेतन देयकों का भुगतान सुनिश्चित करेंगे।

3/ मजदूरी, मानदेय, पारिश्रमिक आदि मदों में भी नियमानुसार उक्त तिथियों एवं पश्चात्वर्ती तिथियों में अग्रिम भुगतान किया जा सकेगा।

4/ राज्य शासन के निगम/मंडल/प्राधिकरण/आयोग/विश्वविद्यालय/स्थानीय निकाय/सार्वजनिक उपक्रम/अन्य एजेंसी/संस्थान भी अपनी वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्तानुसार भुगतान पर विचार कर सकते हैं।

संलग्न— उपरोक्तानुसार

**(ऋषभ कुमार पाराशर)**
**उप सचिव**
छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग

पृ.क्र. 2490/वित्त/ब–4/2025,          नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 16/10/2025

प्रतिलिपिः–

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन, रायपुर
2. सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय, रायपुर
3. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, नवा रायपुर अटल नगर
4. रजिस्ट्रार जनरल/महाधिवक्ता/उपमहाधिवक्ता, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर
5. सचिव, वित्त विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
6. सचिव, छ. ग. लोक सेवा आयोग/मानवाधिकार आयोग/राज्य निर्वाचन आयोग/लोक आयोग, रायपुर/नवा रायपुर
7. निज सचिव/निज सहायक, मंत्री/राज्यमंत्री, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर
8. प्रधान महालेखाकार, छत्तीसगढ़, विधानसभा के पास, रायपुर
9. मुख्य सचिव के विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
10. आयुक्त जनसंपर्क संचालनालय, नवा रायपुर अटल नगर
11. आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली
12. राज्य सूचना आयुक्त, सेक्टर–17, नवा रायपुर अटल नगर
13. छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, विविध सेवा मार्ग, बिलासपुर
14. समस्त विशेष सचिव/संचालक बजट/संयुक्त सचिव/संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी/शोध अधिकारी एवं समस्त शाखा, वित्त विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
15. संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, नवा रायपुर अटल नगर
16. मुख्य लेखाधिकारी, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर
17. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, छत्तीसगढ़
18. समस्त कोषालय अधिकारी, इन्द्रावती/जिला कोषालय, छत्तीसगढ़
19. समस्त प्राचार्य, लेखा प्रशिक्षण शाला,रायपुर/बिलासपुर/अंबिकापुर/जगदलपुर, छत्तीसगढ़
20. संचालक, शासकीय लेखन सामग्री एवं मुद्रण, नवा रायपुर

–को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

21. प्रोग्रामर, वित्तीय प्रबंध एवं सूचना प्रणाली, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर को वित्त विभाग की वेबसाइट https://finance.cg.gov.in/पर अपलोड करने हेतु

Gpandey

**(चन्द्र प्रकाश पाण्डेय)**
अवर सचिव